# वन मंत्री ने त्रिवेणी वन की स्थापना कर वन महोत्सव 2025 का किया शुभारंभ

## प्रत्येक व्यक्ति एक–एक पौधा अवश्य लगाएं साथ ही पौधों की सुरक्षा का ले संकल्प
## –डॉ0 अरुण कुमार सक्सेना

**लखनऊ : 01 जुलाई, 2025**

आज वन महोत्सव 2025 के अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान, जलवायु परिवर्तन, उ0प्र0 डॉ. अरूण कुमार सक्सेना जी द्वारा अपने कर कमलों से कुकरैल पिकनिक स्पॉट वन क्षेत्र में त्रिवेणी वन (पीपल, बरगद एवं नीम) का रोपण किया गया। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा भी पौध रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में वन मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्कूली बच्चों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं सहित आम–जनमानस द्वारा प्रतिभाग किया गया।

वन महोत्सव कार्यक्रम 2025 में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान, जलवायु परिवर्तन, उ0प्र0 डॉ. अरूण कुमार सक्सेना जी द्वारा योगा प्वाइंट एवं ओपेन जिम का अनावरण किया गया, जो कुकरैल पिकनिक स्पॉट क्षेत्र में आने वाले सैलानियों के लिए मुख्य आकर्शण का केन्द्र बनेगा। इसी उपलक्ष्य में मंत्री जी द्वारा उपस्थित जन–मानस से एक–एक पौधा लगाने के लिए आग्रह किया गया एवं पौधों को बचाने का प्रयास एवं सुरक्षा करने हेतु संकल्प लेने हेतु अपील की गई। मंत्री जी द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर स्कूली बच्चों को सहजन का पौध वितरित किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ ने उत्तर प्रदेश वन विभाग द्वारा विशिष्ट वनों की स्थापना पर बल देने एवं जन–सहभागिता से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल बनाने हेतु अनुरोध किया गया।

वन महोत्सव, 2025 के अवसर पर अवध वन प्रभाग, लखनऊ द्वारा सन्तान जन्म के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण महाअभियान, 2025 के अंतर्गत जीवन समृद्धि एवं विकास का प्रतीक एक सागौन का पौधा नवजात शिशु के पिता एवं उनके परिवार को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय, लखनऊ में किया गया। इसी उपलक्ष्य में डॉ0 रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल एवं श्री सितांशु पाण्डेय, डी0एफ0ओ0, लखनऊ द्वारा नवजात शिशु के परिजन को ग्रीन गोल्ड बर्थ सर्टिफिकेट व पुष्प गुच्छ एवं सागौन के पौधे वितरित किये गये। डॉ0 रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल द्वारा सभी परिजनो से अनुरोध किया गया कि भेंट किये गये पौधे की देख–भाल और सुरक्षा अपने नवजात शिशु की भांति करें, जिससे नवजात के आगमन के अवसर पर रोपित यह पौधा भविष्य में वृक्ष का रूप धारण कर आपके सन्तान की ही तरह आपके यश, कीर्ति व वैभव वृद्धि तथा आपकी वृद्धावस्था में आपका सहयोगी व सहभागी बने। इस वन महोत्सव कार्यक्रम में अवध वन प्रभाग, लखनऊ के उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ श्री हरी लाल एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज श्री चन्दन चौधरी भी सम्मिलित रहे।

---

सम्पर्क सूत्र– रवि यादव

राम यतन / 03:10 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in